## प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी वन प्रभाग, वाराणसी

पत्रांक :– 1970/29-1 दिनांक :– 03-12-2018

सेवा में,

वन संरक्षक
वाराणसी वृत्त,
वाराणसी

विषय :– जनपद वाराणसी में इलाहाबाद–वाराणसी रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण हेतु प्रभावित 14.691 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी एवं बाधक 101 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भ :– नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1049/11–सी–FP/UP/Rail/29433/2017 लखनऊ दिनांक 24.11.2018।

महोदय,

उक्त संदर्भित के क्रम में बिन्दुसार अनुपालन आख्या प्रेषित की जा रही है :–

| क्र.सं. | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले वृक्षों की प्रजातिवार वैज्ञानिक नाम सहित सूची/सारांश ऑनलाइन भाग–2 के Girthwise enumeration list के अनुसार पुनः संलग्न नहीं किया गया है। अतः तदानुसार संलग्न करते हुये ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें। | प्रभावित होने वाले वृक्षों की प्रजातिवार वैज्ञानिक नाम सहित सूची/सारांश ऑनलाइन भाग–2 के Girthwise enumeration list के अनुसार पुनः भाग–2 में ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है एवं संलग्न कर दिया गया है। |
| 2 | प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष दुगने अवनत वनभूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के प्राक्कलन में पुनः 09 वर्षों का ही अनुरक्षण लिया गया है, जोकि अपूर्ण है। अतः प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष दुगुने अवनत वनभूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित विस्तृत प्राक्कलन संलग्न करे तथा ऑनलाइन भाग–2 में प्राक्कलन एवं धनराशि अपलोड करें | 10 वर्षों के अनुरक्षण का विस्तृत प्राक्कलन संलग्न है एवं ऑनलाइन भाग–2 में प्राक्कलन एवं धनराशि अपलोड कर दिया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–13(ii) में अपलोड किया गया क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन ओपन नहीं हो रहा है। | प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय वाराणसी के पोर्टल पर ऑनलाइन भाग–2 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन ओपन हो रहा है। |

उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण करते हुए संबन्धित अभिलेखों सहित संशोधित प्रस्ताव प्रेषित की जा रही है | कृपया प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करे |

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
वाराणसी वन प्रभाग
वाराणसी

संख्या :- ......................................./ दिनांकित ...............................

प्रतिलिपि :-

1 . प्रोजेक्ट डायरेक्टर, बी०एस०बी०. इलाहाबाद डबलिंग प्रोजेक्ट, रेल विकास निगम लिमिटेड, वाराणसी_को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रभागीय वनाधिकारी
वाराणसी वन प्रभाग
वाराणसी